



# होटल-हाथ ठेलों पर हो रहा घरेलू सिलेण्डरों का उपयोग

## जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, हाथ ठेले वाले नियमों का कर रहे उल्लघंन, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 जुलाई।** शहर में होटल व हाथ ठेलों को चाट पकौड़ी सहित अन्य खाद्य सामग्री बनाकर बेचने वाले लोग व्यवसायिक सिलेंडरों की जगह खुलेआम घरेलू सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है। जिससे न केवल घरेलू सिलेंडर उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना रखना पड़ रहा है। बल्कि नियमों को ताक पर रख कर घरेलू की जगह व्यवसायिक सिलेंडरों का उपयोग कर होटल व चाट पकौड़ी हाथ ठेला सहित अन्य खाद्य सामाग्री बेचने वाले मोटा मुनाफा कमा रहे हैं।

यहां बता दें, कि ये लोग खुलेआम सिलेंडरों का उपयोग करने के बाद भी खाद्य विभाग सहित स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसके चलते होटल व रेस्टोरेंट संचालकों के हौंसले बुलंद बने हुए हैं और अब शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।



**उपभोक्ता को भुगतना पड़ रहा खामियाजा :** होटलों में घरेलू गैस का उपयोग होने से जहां होटल मालिक मजे में है। वहीं दूसरी ओर उपभोक्ता परेशान हैं होटलों में घरेलू गैस का उपयोग होने के कारण गैस की कालाबाजारी करने वाले भी सक्रिय हैं, होटलों में गैस का उपयोग ज्यादा होने के कारण आम उपभोक्ताओं को गैस की सिलेंडर समय पर नहीं मिल पा रहा है। गैस सिलेंडरो को लेने के लिए उन्हें बार-बार भटकना पड़ता है वहीं होटल संचालकों को आसानी से ब्लैक में सिलेंडर मिल जाता है। शहर में ऐसे कई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करने वाले लोग हैं जो घरेलू गैस को ब्लैक में बेच रहे है घरेलू गैस का उपयोग होटलों में होने के कारण गैस सिलेंडर की मांग बढ़ रही है जिस कारण आम उपभोक्ताओं को गैस समय पर नहीं मिल पा रही है।

**कभी भी हो सकता है हादसा :** सार्वजनिक स्थानों में खुले में घरेलू गैस सिलिंडर का उपयोग करने से कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। घरेलू गैस सिलिंडर में घरेलू गैस चूल्हे में इस्तेमाल करने के हिसाब से कम प्रेशर से गैस भरी जाती है। होटल संचालक गैस भट्टी पर सिलिंडर का उपयोग करने के लिए उसमें प्रेशर रेगुलेटर लगाते हैं। इससे सिलिंडर से गैस तेजी से बाहर आती है जिससे सिलिंडर गर्म हो जाता है। गर्मी के मौसम में इससे कभी भी हादसा होने की संभावना रहती है ।यह भी पढ़ें।

**यहां हो रहा घरेलू सिलिंडरों का उपयोग :** अटेर रोड, लहार रोड, बस स्टैंड, सुभाष तिराहा के अलावा मुख्य बाजार सहित लगभग अधिकांश स्थानों पर दुकानदारों द्वारा घरेलू गैस सिलिंडर का उपयोग किया जा रहा है। जिन्हे बाजार में घरेलू गैस सिलिंडरों का उपयोग करते हुए आसानी से देखे जा सकते हैं। इन मार्गों से जिम्मेदार अधिकारियों का रोजाना आना-जाना लगा रहता है। जिसे देखने के बाद भी अधिकारियों द्वारा अनदेखा किया जाता है।

### होटलों की नहीं होती जांच

होटलों में सफाई की बात हो या फिर खाद्य सामग्री की जांच, सभी मामलों में विभागीय अमला पीछे है। इसकी वजह से होटल संचालकों द्वारा धड़ल्ले से घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग किया रहा है। इन्हें जरा भी नियमों की परवाह नहीं है और न ही प्रशासन का खौफ विभागीय अमले की उदासीनता के कारण होटल व रेस्टोरेंट मालिक व्यवसायिक सिलेंडरों का उपयोग करना ही भूल गए हैं और धड़ल्ले से घरेलू सिलेंडरों का उपयोग कर रहे हैं।

### होटलों के लिए सिलेंडर का नियम

होटल व ढाबा, लॉज सहित अन्य खाद सामग्री निर्माण कर बेचने वाले प्रतिष्ठानों के लिए नियमानुसार व्यावसायिक बड़े सिलेंडर का उपयोग होना चाहिए। यदि व्यावसायिक सिलेंडरों की जगह कोई भी प्रतिष्ठान संचालक घरेलू सिलेंडर का उपयोग नहीं कर सकता है। घरेलू सिलेंडरों का उपयोग करना अवैध है। जो कार्रवाई की जद में आते हैं। जिन्हें खाद्य विभाग सहित स्थानीय अन्य प्रशासन द्वारा समय-समय पर इनकी औचक निरीक्षण कर जांच करने का प्रावधान है।

### कार्रवाई करवाएंगे

होटल और हाथ ठेलों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग हो रहा है, तो हम जल्द कार्रवाई करवाएंगे।

**- अखिलेश शर्मा, एसडीएम, भिंड।**

# राज्य कर्मचारी संघ के चुनाव हुए

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 जुलाई।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला इकाई भिंड के द्विवार्षिक निर्वाचन जनक पैलेस भिंड में निर्वाचन अधिकारी अशोक शर्मा दीपैरा प्रदेश मंत्री मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ द्वारा कराया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश चंद बादल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भारतीय मजदूर संघ म.प्र. बृजराज दंडोतिया विभाग प्रमुख

### राघवेंद्र सिंह कुशवाह अध्यक्ष सत्यनारायण सोनी सचिव अवधेश शर्मा कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए

भारतीय मजदूर संघ अशोक शर्मा दीपैरा प्रदेश मंत्री अशोक शर्मा संभागीय अध्यक्ष उपस्थित रहे निर्वाचन में सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम विधिवत् प्रारंभ किया गया।

सर्वप्रथम संगठन गीत से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ कार्यक्रम का संचालन करते हुए पंकज सोनी द्वारा अतिथियो का परिचय कराया गया परिचय के बाद संभागीय अध्यक्ष अशोक शर्मा द्वारा संगठन की स्थापना से लेकर आज तक संगठन विस्तार एवं कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला गया बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश चंद्र बादल द्वारा भारतीय मजदूर संघ के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए संगठन को कैसे मजबूत किया जाए पर प्रकाश डाला गया भारतीय मजदूर संघ भिंड मुरैना के विभाग प्रमुख बृजराज दंडोतिया द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति कार्यकर्ता कैसा होना चाहिए विषय को लेकर उपस्थित समूह को संबोधित किया। कार्यक्रमों को विस्तार से रखकर वर्तमान कार्यकारिणी को भंग किया गया।

निर्वाचन अधिकारी अशोक शर्मा दीपैरा प्रदेश मंत्री द्वारा संगठन में कार्यकर्ता कैसा होना चाहिए संगठन क्यों आवश्यक है विषय को लेकर प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा किए जा रहे कार्य संगठन की वर्तमान स्थिति संगठन को कैसे मजबूत किया जा सकता है विषय को लेकर अपने विचार रखे इसके बाद उपस्थित समूह से नवीन कार्यकारिणी हेतु प्रस्ताव मांगे गए एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ।

# मानवता परिवार की प्याऊ सेवा बनी यात्रियों के लिए राहत का स्रोत




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 जुलाई।** भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाने का नेक कार्य मानवता परिवार के सदस्य लगातार कर रहे हैं। रेलवे स्टेशन पर संचालित चलित प्याऊ सेवा इन दिनों मुसाफिरों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं साबित हो रही। गर्मी के इस कठिन मौसम में यह सेवा यात्रियों के लिए राहत और मानवता की मिसाल बन गई है।

सोमवार की सेवा में समाजसेवी रानी जैन, शिवांगी शर्मा, हरीश, राहुल और उत्तम सिंह ने मिलकर यात्रियों को शुद्ध और ठंडा आरओ जल उपलब्ध कराया। सभी सेवाभावियों ने पूरे मनोयोग से इस सेवा को अंजाम दिया। संस्था के संस्थापक बबलू सिंधी ने इस अवसर पर कहा कि जब कोई प्यासा मुसाफिर मुस्कुराकर हमें धन्यवाद देता है, तो वह मुस्कान ही हमारे परिश्रम का सबसे बड़ा पुरस्कार होती है। यही आत्मसंतोष हमें प्रेरणा देता है कि हम इस सेवा को निरंतर और अधिक विस्तार दें। मानवता परिवार ने सभी सेवाभावी नागरिकों से अपील की है कि वे आगे आकर इस पुनीत कार्य में श्रमदान करें और जरूरतमंदों के लिए सेवा भावना से जुड़ें। संस्था का उद्देश्य है मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। रेलवे स्टेशन पर यह प्याऊ सेवा गर्मी के पूरे मौसम तक लगातार चलती रहेगी, जिसमें हर दिन अलग-अलग स्वयंसेवक सेवा देकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

# साइबर ठगी करने वाली गैंग का पर्दाफाश, 3 आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन में, अति. पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक एवं उप पुलिस अधीक्षक दीपक तोमर के मार्गदर्शन में ऊमरी थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

### लाड़ली बहना योजना की किस्त बढ़ाने के नाम पर करते थे धोखाधड़ी, पासबुक, आधार कार्ड और मोबाइल भी किया चोरी

लाड़ली बहना योजना की किस्त बढ़ाने का झांसा देकर भोले-भाले लोगों से धोखाधड़ी करने वाली एक साइबर ठग गैंग का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने



गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

ऊमरी थाना टीआई शिवप्रताप सिंह राजावत ने बताया कि 3 जुलाई को ग्राम पाण्डरी निवासी फरियादी अजय नरवरिया ने शिकायत की थी कि तीन अज्ञात युवक उनके घर आए और खुद को शासन की लाड़ली बहना योजना से जुड़ा अधिकारी बताकर योजना की किस्त 1250 रुपए से बढ़ाकर 3000 रुपए कराने की बात कही। इसके बदले में उन्होंने 5000 रुपए नगद, लाभार्थी महिला का आधार कार्ड, बैंक पासबुक और मोबाइल फोन ले लिए और फरार हो गए। प्रकरण में अपराध क्रमांक 142/2025 धारा 318(4), 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। इसी दौरान 7 जुलाई को ग्राम पाण्डरी के ग्रामीणों से सूचना प्राप्त हुई कि तीन युवक वहां संदिग्ध रूप से घूमकर लाड़ली बहना योजना के नाम पर दस्तावेज मांग रहे हैं।

सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने पीछा कर ग्राम बझाई से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे ग्वालियर निवासी हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों से विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलवाने का झांसा देकर आधार कार्ड, बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक, सिम कार्ड आदि एकत्र करते हैं। फिर इन दस्तावेजों का उपयोग फर्जी बैंक खाते खोलने और साइबर ठगों को बेचने के लिए करते हैं। वे हर एक खाते के बदले 15-20 हजार रुपये तक की रकम वसूलते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 8 एटीएम कार्ड, 6 सिम कार्ड, 5 बैंक पासबुक, 6 चेकबुक, 3 मोबाइल, 2900 रुपये नगद, एक आधार कार्ड सहित फरियादी का मोबाइल व अन्य दस्तावेज भी बरामद किए हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अमित सिकरवार, आरक्षक शैलेन्द्र सिंह, राहुल तोमर, सनी यादव, आलेश यादव, रविन्द्र उपाध्याय, आलोक सेंगर, प्रवीण यादव, संदीप सिंह और अविनाश शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति को अपने दस्तावेज न सौंपें और कोई भी संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

### लहार एसडीएम की बड़ी कार्रवाई

# आंगनबाड़ी केंद्रों में भोजन वितरण में घोटाले का खुलासा

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 जुलाई।** लहार एसडीएम विजय यादव ने सोमवार को रौन क्षेत्र के शहरी आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक

### भोजन की गुणवत्ता, उपस्थिति और कार्यशैली को लेकर एसडीएम की सख्त चेतावनी

निरीक्षण कर प्रशासनिक सख्ती दिखाई। इस दौरान कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए, जिससे आंगनबाड़ी केंद्रों पर चल रही भारी अनियमितताओं और लापरवाही का पर्दाफाश हुआ।


निरीक्षण के दौरान एसडीएम को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि शासकीय समूह सप्ताह में मात्र दो दिन ही खाना भेजते हैं, और वह भी तय मीनू के विपरीत। बच्चों को नाश्ते में कभी-कभार थोड़ा सा पोहा या उबला चावल ही मिलता है। इसके अलावा,



प्रतिदिन की वास्तविक उपस्थिति 5 से 7 बच्चों की होती है, लेकिन रजिस्टर में 35 से 40 बच्चों की उपस्थिति दर्ज की जाती है। कार्यकर्ताओं ने यह भी संकेत दिए कि समूहों पर कार्रवाई न हो, इस दबाव में उन्हें फर्जी उपस्थिति दर्ज करनी पड़ती है। एसडीएम की टीम ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कई केंद्रों में तो नाम मात्र का भी कार्य नहीं हो रहा है। बच्चों को पोषण आहार उपलब्ध कराने के नाम पर भारी लापरवाही और घोर अनियमितता की जा रही है।

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि भोजन वितरण में कार्यरत समूह बड़े स्तर पर घोटाला कर रहे हैं और बच्चों के हक का भोजन सही रूप से वितरित नहीं किया जा रहा। स्थिति इतनी चिंताजनक थी कि सुबह 11:00 बजे परियोजना अधिकारी कार्यालय रौन में एक भी सुपरवाइज़र उपस्थित नहीं था, ना ही कोई फील्ड पर पाया गया। एसडीएम विजय यादव ने इस गंभीर लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित परियोजना अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। लहार एसडीएम की इस कार्रवाई ने आंगनबाड़ी व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार और लापरवाही को उजागर कर दिया है, जिससे जनहित में सुधार की संभावनाएं मजबूत हुई हैं। प्रशासन की यह पहल गरीब और जरूरतमंद बच्चों के पोषण अधिकारों को सुरक्षित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम मानी जा रही है।

# बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 जुलाई।** निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11-लहार के बीएलओ बूथ लेवल अधिकारियों को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र एवं सीएम राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहार में किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोग द्वारा प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य बीएलओ को निर्वाचक नामावली से संबंधित प्रक्रियाओं की व्यापक जानकारी देना एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना था। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनरों ने बीएलओ को बताया कि किस प्रकार घर-घर जाकर सर्वे कर वास्तविक मतदाताओं की जानकारी एकत्र करनी है तथा मृत, स्थानांतरित, दोहरी प्रविष्टियों को पहचानकर सूची से हटाना सुनिश्चित करना है। इसके अलावा प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ एप्?प, विवरण सत्यापन, फॉर्म 6, 7, 8 की प्रक्रिया, बूथ पर कार्य, तथा बीएलओ की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई। मास्टर ट्रेनरों ने यह भी बताया कि बीएलओ को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए निर्वाचन आयोग की निर्देशित समयसीमा के अंतर्गत कार्य संपादित करना अनिवार्य है। प्रशिक्षण में बीएलओ को प्रायोगिक गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया, ताकि वे आगामी निर्वाचन कार्यों को सहजता एवं पारदर्शिता से पूर्ण कर सकें।

# डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग के लिए संस्था स्तर काउंसलिंग प्रारंभ




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 जुलाई।** कार्यालय अध्यक्ष, काउंसिलिंग समिति, तकनीकी शिक्षा संचालनालय भोपाल द्वारा डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु संस्था स्तर काउंसिलिंग की समय-सारणी जारी कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी अनुसार यह काउंसलिंग जुलाई माह से 14 अगस्त 2025 तक चलेगी, जो कि हर सप्ताह के सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को प्रात: 10:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। यह प्रक्रिया तब तक जारी रहेगी जब तक संस्थान की समस्त शाखाओं में प्रवेश पूर्ण नहीं हो जाता। पॉलीटेक्निक महाविद्यालय भिंड में दिनांक 4 जुलाई को संपन्न सीएलसी काउंसलिंग के बाद की स्थिति में जनरल पूल के अंतर्गत मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट में 35 सीटें तथा सिविल इंजीनियरिंग में 12 सीटें रिक्त हैं। जबकि कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की सभी सीटें पहले ही भर चुकी हैं। इसके अतिरिक्त, ईडब्ल्यूएस कोटे के अंतर्गत तीनों ब्रांचों — सिविल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग और मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट — में 7-7 सीटें उपलब्ध हैं, जिन पर सत्र 2025-26 के वैध ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र के आधार पर योग्य अभ्यर्थी प्रवेश ले सकते हैं। संस्था के प्राचार्य बी.डी. पुरोहित ने जिले के विद्यार्थियों से अपील की है कि वे इस संस्था स्तर काउंसलिंग के अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर विचार संगोष्ठी का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 37 के बूथ क्रमांक 167 पर एक विचार संगोष्ठी एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में पार्टी जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारत की एकता, अखंडता, राष्ट्रीय स्वाभिमान और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल प्रतीक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने 'एक राष्ट्र, एक निशान, एक विधान, एक प्रधान' का उद्घोष कर जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने हेतु अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका त्यागमय जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान व्यर्थ नहीं गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 को हटाकर उनके सपनों को साकार किया गया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की विचारधारा को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाएं और भाजपा को नगरीय निकाय से लेकर लोकसभा तक मजबूत बनाएं।

# 11 को होगा गुरुपूर्णिमा पर्व का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 जुलाई।** दबोह क्षेत्र के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल काक्षी सरकार हनुमान मंदिर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। मंदिर प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह आयोजन 11 जुलाई शुक्रवार को प्रात: 10:00 बजे से प्रारंभ होकर शाम तक चलेगा। इस विशेष अवसर पर महंत गुरुदेव दंदरौआ सरकार स्वयं उपस्थित रहेंगे और श्रद्धालुओं को गुरु दीक्षा प्रदान करेंगे। बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरु के दर्शन व आशीर्वाद के लिए मंदिर परिसर में एकत्र होंगे। दीक्षा कार्यक्रम के साथ-साथ भक्तों के लिए भंडारा एवं प्रसादी वितरण की भी समुचित व्यवस्था की गई है, जो पूरे दिन चलता रहेगा। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे इस पावन पर्व पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त करें और गुरुदेव के सान्निध्य में आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करें। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। गौरतलब है कि काक्षी सरकार हनुमान मंदिर न केवल क्षेत्र में धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यहां हर वर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालु गुरु पूर्णिमा जैसे आयोजनों में भाग लेने आते हैं।

# समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 जुलाई।** कलेक्टर कार्यालय भिंड के सभाकक्ष में अपर कलेक्टर एलके पाण्डेय की अध्यक्षता में समय सीमा पत्रों की

### लंबित शिकायतों के शीघ्र-संतोषजनक निराकरण के निर्देश

साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संयुक्त कलेक्टर शिवांगी अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर अंकुर रवि गुप्ता सहित जिले के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में विभागीय स्तर पर लंबित समय-सीमा पत्रों, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शिकायतों, और शासन से प्राप्त निर्देशों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण अनिवार्य है। उन्होंने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि 50 दिन से अधिक लंबित शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए शीघ्र



निराकरण की कार्रवाई की जाए।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव मॉनिटरिंग तथा प्रभारी मंत्री कार्यालय से प्राप्त पत्रों का निराकरण दो कार्य दिवस में सुनिश्चित किया जाए। समय-सीमा के दायरे में कार्य न करने वाले विभागों पर कठोर दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। बैठक के दौरान ई-केवाईसी प्रक्रिया की प्रगति, टीएल पत्रों के निराकरण, सार्थक उपस्थिति की स्थिति, तथा मिलावट के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की भी गहन समीक्षा की गई। पाण्डेय ने कहा कि इन सभी बिंदुओं पर सतत निगरानी और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि शासन की योजनाएं और सेवाएं आमजन तक समय पर और पारदर्शिता के साथ पहुंच सकें।

बैठक में विशेष रूप से जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, पीने के पानी, मध्याह्न भोजन, आवास योजना, पेंशन, राशन वितरण आदि विषयों की प्रगति और शिकायतों की स्थिति पर चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वह क्षेत्रीय भ्रमण कर वास्तविक स्थिति की जानकारी लें और ज़मीनी स्तर पर समाधान सुनिश्चित करें। अंत में अपर कलेक्टर ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में लापरवाही अथवा देरी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। समयबद्ध, पारदर्शी एवं जनहितकारी प्रशासन देने के लिए सभी अधिकारी जिम्मेदारी से कार्य करें।